खाड़ी युद्ध के दौरान भारत में शरण चाहने वाले भारतीयों को सीमा शुल्क में रियायत

1260. **कुमारी सईदा खातून:** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने खाड़ी युद्ध के समय भारत में शरण चाहने वाले भारतीयों को उनके सामान पर उद्ग्रहणीय सीमाशुल्क के संबंध में कोई रियायत दी थी; यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने उनके पुनर्वास और आजीविका के लिए कोई योजना बनायी है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) खाड़ी युद्ध के दौरान कुवैत और ईराक से लौटे यात्रियों को सीमाशुल्क क्लियरेंस देते समय एक उदार और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया गया था। जिन व्यक्तियों को भूमि-मार्ग से भाग कर भारत आने के लिए विवश होना पड़ा था, उन के द्वारा विदेश से लाई गयी कारों के लिए उन्हें सीमा-शुल्क के उद्ग्रहण से छूट दी गयी थी।

(ख) खाड़ी संकट के कारण खाड़ी के देशों से लौटे भारतीय राष्ट्रिकों के पुनर्वास के लिए अभी तक कोई योजना नहीं बनाई गई है।

प्रधान निदेशक, लेखा परीक्षा नई दिल्ली के कार्यालय में विशेष कार्य अधिकारी (ओ.एस.डी.) के पदों का रिक्त होना

1261. **कुमारी सईदा खातून:** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रधान निदेशक, लेखा परीक्षा, नई दिल्ली के कार्यालय में विशेष कार्य अधिकारी (नई दिल्ली, नगरपालिका और दिल्ली नगर निगम) का पद पिछले पदधारी के सेवा-निवृत्त होने के समय से लेकर अब तक रिक्त पड़ा है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या प्रधान निदेशक लेखा परीक्षा (दुलाकास) का एक अन्य पद का कार्य प्रधान निदेशक, लेखा परीक्षा (उत्तर रेलवे), नई दिल्ली को दिया गया है और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) भारत में लेखापरीक्षा कार्यालयों के कितने अधिकारियों को दोहरे पदों का कार्य दिया गया है और रिक्त पदों का ब्यौरा क्या है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शान्ताराम पोटदुखे) : (क) से (घ) विशेष कार्य अधिकारी (नई दिल्ली नगर पालिका और दिल्ली नगर निगम) का पद इस समय प्रास्थगित रखा गया है। भारतीय लेखा-परीक्षा और लेखा विभाग में प्रधान निदेशक, लेखा परीक्षा के स्तर के 90 से अधिक पद हैं। भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक द्वारा इन पदों को भरने के लिए प्रधान निदेशक, लेखा परीक्षा के स्तर के अधिकारियों की तैनाती अधिकारियों की उपलब्धता एवं उपयुक्तता तथा प्रशासनिक आवश्यकताओं के आधार पर की जाती है। इस प्रक्रिया में प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समय-समय पर कुछ पदों का अतिरिक्त प्रभार कुछ अन्य अधिकारियों को दे दिया जाता है।

Indian Cost Accounts Service Personnel in the Ministry of Petroleum and Natural Gas

1262. SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the rotational policy, approved with regard to the posting and transfer of Indian Cost Accounts Service Personnel, has not been strictly followed in the case of persons posted in the Ministry of Petroleum and Natural Gas;